# न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

प्रार्थना पत्र संख्याः 23/2020

मेन्टर होम लोन्स इण्डिया लि0 पूर्व में (मेन्टर इण्डिया लिमिटेड), प्रधान कार्यालयः– बी–9, मेन्टर हाउस, गोविन्द मार्ग, सेठी कॉलोनी, जयपुर

...............प्रार्थी/सिक्योर क्रेडिटर

बनाम

(1) श्री फतेह लाल पुत्र श्री बद्री
(2) श्रीमती मनभर देवी पत्नि श्री फतेह लाल
(3) श्री बद्री माली पुत्र श्री प्रताप माली
(4) श्रीमती रामू पत्नि श्री बद्री माली
निवासीः प्लाट नम्बर 28, ग्राम व ग्राम पंचायत सांपला, पंचायत समिति अराई, जिला–अजमेर
(5) श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री रतन लाल शर्मा
निवासीः– प्लाट नम्बर 218, कटला गली, सांपला, तहसील सरवाड, जिला–अजमेर

................अप्रार्थीगण/ऋणी

प्रार्थनापत्र अर्न्तगत धारा 14 दी सिक्यूराईटेशन रिक्सट्क्शन आफ फाईनेनिशयल ऐसिटस एण्ड एनफोर्समेन्ट आफ सिक्यूरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002

उपस्थित :– सुरज शर्मा – अभिभाषक प्रार्थी

आदेश दिनांक 07.01.2020

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी कम्पनी ने अप्रार्थीगण 01 लगायात 04 को दिनांक 19.11.2016 को रू. 10,00,000/– (अक्षरे दस लाख मात्र) की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। इस हेतु अप्रार्थीगण ऋणी ने आवश्यक दस्तावेजात निष्पादित कर 1. ग्राम व ग्राम पंचायत सांपला, पंचायत समिति अराई, जिला अजमेर स्थित अचल सम्पत्ति, क्षेत्रफल 642.12 वर्गफीट, पट्टा संख्या 38 जो श्री बद्री माली पुत्र श्री प्रताप माली के नाम से है, 2., ग्राम सांपला, तहसील सरवाड, जिला अजमेर, के खसरा नं0 1189 में स्थित अचल सम्पति क्षेत्रफल 774.4 वर्गगज, जो श्री फतेहलाल पुत्र श्री बद्रीलाल के नाम से है, को बतौर जमानत प्रार्थी कम्पनी के पास बन्धक रखा था। अप्रार्थीगण नियमित रूप से प्रार्थी कम्पनी को उक्त ऋण का भुगतान नहीं कर सके और बकाया ऋण के भुगतान में व्यतिक्रम व चूक कर दी और दिनांक 10.07.2019 को डिफाल्टर हो गये। प्रार्थी कम्पनी द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण ऋणी को दिनांक 02.09.2019 को रजिस्टर्ड मांग नोटिस रूपये 8,93,014/– (अक्षरे आठ लाख तिरानवें हजार चौदह रूपये) का जारी किया गया। नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने में चूक की। ऋणी द्वारा बंधक सम्पत्ति का सम्पूर्ण कब्जा भी प्रार्थी कम्पनी को नहीं सम्भलाया है। प्रार्थी कम्पनी द्वारा The

जिला मजिस्ट्रेट
अजमेर

Scanned by CamScanner

